एक नजर में

## स्टार एयर की इंदौर से उड़ानें 16 सितंबर से

इंदौर. चार साल बाद स्टार एयर एक बार फिर इंदौर से अपनी उड़ानें शुरू करने जा रही है. कंपनी 16 सितंबर से इंदौर को गोंदिया और बेंगलुरु से जोड़ते हुए नई सेवाएं शुरू करेगी. इसके लिए एयरपोर्ट टर्मिनल पर बुकिंग काउंटर भी ले लिया गया है और स्टाफ की नियुक्ति पूरी कर ली गई है. पहले स्टार एयर इंदौर से बेलगावी और किशनगढ़ के लिए उड़ानें संचालित करती थी, लेकिन कोरोना काल में सेवा बंद हो गई थी. अब दोबारा संचालन शुरू होने से यात्रियों को गोंदिया के लिए पहली सीधी उड़ान सुविधा मिलेगी, वहीं बेंगलुरु जाने के लिए एक अतिरिक्त विकल्प भी मिलेगा. कंपनी मंगलवार, बुधवार और शुक्रवार को 72 सीटर एटीआर विमान से उड़ानें संचालित करेगी. एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार यात्रियों की सुविधा के लिए बुकिंग काउंटर जल्द ही शुरू हो जाएगा.

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

इंदौर. लसूडिया थाना क्षेत्र में राजस्थान की 25 वर्षीय युवती ने रतलाम निवासी विभोर के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है. पीड़िता राजस्थान के झालावाड़ की रहने वाली है और इंदौर में मीडिया मैनेजमेंट का काम करती है. 2019 में एयर होस्टेस कोर्स के दौरान उसकी आरोपी से पहचान हुई थी. पहले दोस्ती और फिर प्यार का प्रस्ताव रखने के बाद विभोर ने भरोसा जीतकर संबंध बनाए. आरोप है कि उसने युवती को इंदौर बुलाकर फ्लैट पर और ड्रीम पैराडाइज होटल में जबरन शारीरिक संबंध बनाए. इस दौरान शादी का वादा करता रहा, लेकिन बाद में इंकार कर उसके चरित्र पर सवाल उठाने लगा. शादी की बात उठाने पर आरोपी ने साफ मना कर दिया. इसके बाद युवती ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई. लसूडिया पुलिस ने रेप और धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## एक बाइक से 48 बार नियम तोड़े, बाइक जब्त



इंदौर. यातायात नियमों की अनदेखी करने पर पुलिस ने एक बाइक जब्त की है. बाइक नम्बर एमपी 09 एमएस 8982 को विजयनगर चौराहे पर आरक्षक मनोज ने रोका. जांच में एएसआई गजेंद्र भदौरिया ने पीओएस मशीन से पता लगाया कि वाहन पर 48 लंबित ई-चालान हैं और उसका रजिस्ट्रेशन भी एक्सपायर हो चुका है. लगातार नियम उल्लंघन को देखते हुए बाइक को जब्त कर यातायात थाने भेज दी.

## एमवाय अस्पताल का औचक निरीक्षण




इंदौर. महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय की साफ-सफाई और व्यवस्थाओं को लेकर डीन, महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय तथा संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक एमवाय अस्पताल ने औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान वार्डों, सहायता केंद्र, ऑपरेशन थिएटर, पर्ची काउंटर, कैंटीन, लॉन्ड्री और किचन में सफाई, पेस्ट कंट्रोल और कचरा निपटान की स्थिति देखी गई. अधिकारियों ने जिम्मेदारों को व्यवस्थाओं में सुधार लाने के निर्देश दिए. इसके साथ ही अस्पताल के तलघर का भी निरीक्षण किया गया, जहां अनुपयोगी सामग्री, खराब गद्दे और मशीनें रखी हुई थीं. इन्हें नियमानुसार कंडम करने और तलघर की साफ-सफाई कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए.

## विहिप की लीगल सेल का चौथा अधिवेशन




महू. विश्व हिंदू परिषद की अखिल भारतीय लीगल सेल का दो दिवसीय चौथा अधिवेशन शनिवार को इंदौर के मधुमिलन गॉर्डन में शुभारंभ हुआ. कार्यक्रम के उदघाटन सत्र में विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने अध्यक्षता की. उदघाटन सत्र में केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल मुख्य अतिथि रहे. कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रहे. जितेंद्रानंद सरस्वती ने आशीर्वचन दिया. उदघाटन सत्र का संचालन विधि प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक एवं सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता डॉ. अभिषेक अत्रे ने किया. सत्र में विधि प्रकोष्ठ के संरक्षक एवं राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रहे. वीएस कोकजे एवं विहिप के संयुक्त महामंत्री डॉ सुरेन्द्र जैन का मार्गदर्शन रहा.

## लोक अदालत में 270 से अधिक प्रकरणों का निराकरण




महू. न्यायालय परिसर महू में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया. शुभारंभ जिला व अपर सत्र न्यायाधीश डॉ प्रीति श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया. नेशनल लोक अदालत हेतु डॉक्टर अंबेडकर नगर सिविल न्यायालय में 15 खंड पितु का गठन किया गया था. इस अवसर पर सारिका गिरी मैडम एडीजे विशाल शर्मा, भरत कुमार व्यास व श्वेता मिश्रा, भावना सिंह, तन्वी महेश्वरी, हर्ष ठाकुर, दीघा एरेन्, श्रद्धा सिंह, सोनाली बंसल व अभिलाष कैथल आदि न्यायाधीश गण उपस्थित थे. इस अवसर पर अभिभाषक अशोक जायसवाल, सलाम मेहर व अभिभाषक संघ के सचिव अभिषेक जायसवाल उपाध्यक्ष मुकेश झरिया वरिष्ठ एडवोकेट स्वदेश पांडे एडवोकेट जयराज चौहान आदि बड़ी संख्या में अभिभाषक गण उपस्थित थे. आज के इस नेशनल लोक अदालत में बड़ी संख्या में विद्युत मंडल, बैंक आदि के न्यायालय के विभिन्न प्रकरणों का लगभग 270 से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया गया.

## स्व. धनावत की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा 16 को



महू. जिला कांग्रेस प्रवक्ता जुगनू जादवसिंह धनावत ने बताया वरिष्ठ कांग्रेस नेता व मीणा समाज के गौरव स्वर्गीय जादवसिंह धनावत की पांचवी पुण्यतिथि पर भिचौली में 16 सितंबर सुबह 11 बजे श्रद्धांजलि सभा रखी गई है जिसमें वरिष्ठ नेतागण हजारों समाजजन व युवा साथीगण, माता बहने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद करेंगे। स्वर्गीय धनावत ने हमेशा जनसेवा में कार्यकर्ताओं के विश्वसनीय, मिलनसार, ईमानदारी और समर्पण की भावना से कार्य कर एक दूसरे का विश्वास ही अपने जीवन की असली पूंजी रखी.

# तालाब में नहाने गए दो मासूमों की डूबने से मौत

### भवानी नगर क्षेत्र की घटना



नव भारत न्यूज

इंदौर. बाणगंगा थाना क्षेत्र के भवानी नगर में शुक्रवार शाम तालाब में नहाने गए दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई. मृतकों की पहचान 12 वर्षीय मलखान पिता जितेन्द्र नरवरिया और 10 वर्षीय लक पिता ओमप्रकाश ठाकुर निवासी भवानी नगर के रूप में हुई है. पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पोस्टमार्टम के लिए अरविंदो अस्पताल भेज दिए हैं.

दोनों बच्चे तीसरे दोस्त के साथ तालाब पहुंचे थे. नहाते समय गहराई में चले जाने से मलखान और लक बाहर नहीं निकल पाए. साथ गए बच्चे ने डर के कारण देर से परिजनों को बताया. सूचना मिलते ही मोहल्ले के लोग तालाब पहुंचे और तलाश शुरू की. रात करीब 11 बजे स्थानीय भोला और छोटू ने काफी मशक्कत के बाद दोनों के शव बाहर निकाले. आसपास के लोगों पुलिस को बताया कि लक अपने परिवार का इकलौता बेटा था. उसके पिता फैक्ट्री में नौकरी करते हैं. वहीं मलखान प्रज्ञा स्कूल में 7 वीं कक्षा का छात्र था, उसका एक 7 साल का छोटा भाई है. मलखान की मां पिछले तीन साल से मामा पर्वत क्षेत्र में बच्चों के साथ रह रही हैं. उन्होंने पुलिस को बताया कि दोपहर को वह स्कूल से घर लौटा और ऊपर खेल रहा था, कब तालाब चला गया, किसी को पता नहीं चला. देर रात उसकी तलाश के दौरान हादसे की जानकारी मिली. मामले में पुलिस जांच कर रही है.

# बिना सुरक्षा बंद खदानें बनीं मौत का सबब

- दो महीने में 5 मासूमों की डूबने से मौत



नव भारत न्यूज

**इंदौर. जिले की बंद पड़ी खदानें अब हादसों का गढ़ बन चुकी हैं. खनन कार्य बंद होने के बाद लावारिस पड़ी करीब 80 से अधिक खदानों में बारिश का पानी भरने से तालाब जैसे हालात हैं. इन्हीं में नहाने और तैरने गए बच्चों की डूबकर मौत हो रही है. केवल दो महीने में पांच मासूम जानें जा चुकी हैं, लेकिन सुरक्षा इंतजाम आज तक नहीं किए गए.**

इंदौर में पिछले दो महीनों में पांच मासूमों की डूबने से मौत होने के बाद भी जिम्मेदारों का ध्यान नहीं है. जबकि खनिज विभाग की जिम्मेदारी है कि बारिश शुरू होते ही बंद खदानों पर बैरिकेडिंग, चेतावनी बोर्ड और गार्ड की तैनाती की जाए. अधिकारियों ने आदेश निकालकर दावा तो कर दिया कि चाकचौबंद व्यवस्था कर ली गई है, लेकिन हकीकत इससे बिल्कुल अलग है. गणपति विसर्जन के दौरान एसडीएम निरीक्षण में यह खुलासा हुआ, जिसके चलते उसी दिन तहसीलदारों की निगरानी में विसर्जन करवाना पड़ा. पूर्व कलेक्टर आशीष सिंह ने जब इस मामले में जानकारी मांगी थी, तब अधिकारियों ने उन्हें भी यह कहकर गुमराह कर दिया कि खदानों की सुरक्षा सुनिश्चित कर ली गई है. जबकि तस्वीरें और वीडियो जमीनी सच्चाई उजागर कर रहे हैं.

### ग्रामीणों की मांग- या तो पाटें, या करें चौकसी

ग्रामीण और सामाजिक संगठन लगातार कह रहे हैं कि इन खदानों के किनारों पर न तो चेतावनी बोर्ड लगे हैं, न ही बैरिकेडिंग और न ही गार्ड की तैनाती. बच्चों की जिंदगी से जुड़े इस गंभीर मामले में प्रशासन या तो खदानों को पाटने की कार्रवाई करे, या फिर तुरंत सुरक्षा और चौकसी की मजबूत व्यवस्था सुनिश्चित करे.

# देवास नाका पर हथियारों का जखीरा बरामद

- पुलिस ने पकड़ा धार निवासी तस्कर
- 9 पिस्टल और 15 मैग्जीन जब्त



नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में पुलिस की सख्त निगरानी के बीच लसूड़िया पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है. देवास नाका पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 9 अवैध देसी पिस्टल और 15 मैग्जीन जब्त कीं. आरोपी पहले भी हथियार तस्करी के मामलों में पकड़ा जा चुका है और इस बार वह खरगोन से हथियार लाकर भिंड डिलीवरी करने जा रहा था.

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमरेन्द्र सिंह ने बताया कि 11 सितंबर की रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि धार निवासी एक युवक बस पकड़ने के लिए देवास नाका पहुंचेगा और उसके पास बड़ी मात्रा में अवैध हथियार होंगे. पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी 25 वर्षीय लखन सिंह ठाकुर निवासी ग्राम धानी, थाना धामनोद, जिला धार को दबोच लिया. तलाशी में उसके पास से 9 पिस्टल, 15 खाली मैग्जीन और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ. आरोपी के खिलाफ थाना लसूड़िया में आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत केस दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया है, पुलिस ने रिमांड लेकर हथियारों के स्त्रोत और नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है.

> यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त संतोष सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित सिंह के निर्देश पर की गई. अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमरेंद्र सिंह के आदेश और एसीपी आदित्य पटले के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी के नेतृत्व में बनी टीम ने दबिश दी. पूरे ऑपरेशन में उपनिरीक्षक संजय बिश्नोई, प्रधान आरक्षक रविन्द्र सिंह कुशवाह, अजय प्रजापति, प्रणीत भदौरिया, आरक्षक आकाश, रामकुमार, आनंद, दिनेश और हेमराज की सराहनीय भूमिका रही.

# अवैध शराब सहित दो गाड़ियां जब्त, तीन आरोपी गिरफ्तार

- आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई



नव भारत न्यूज

इंदौर. जिले में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चल रही कार्रवाई में आबकारी विभाग और पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. अलग-अलग जगहों पर की गई दबिश में दो वाहन और बड़ी मात्रा में शराब जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया. सूत्रों का कहना है कि इस तस्करी में लाइसेंसी ठेकेदारों की मिलीभगत सामने आ रही है.

सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के निर्देश पर नियंत्रण कक्ष प्रभारी देवेश चतुर्वेदी और उपप्रभारी मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में टीम ने मानपुर थाना क्षेत्र के गांव खुर्दा-खुर्दी में घेराबंदी कर एक बाइक एमपी 09 वीके 0759 रोकी. चालक राकेश मोहन से बीयर और देशी शराब बरामद हुई. इसी तरह काछी मोहल्ला में गाड़ी नम्बर एमपी 13 डीवाय 0675 पकड़ी गई, जिसमें अंग्रेजी शराब रखी थी. आरोपी 32 वर्षीय दीपक शिवनारायण जायसवाल निवासी भानगढ़ को गिरफ्तार किया. उधर, तुकोगंज पुलिस ने पाटनीपुरा निवासी मजहर खान को राजकुमार ब्रिज के नीचे दबोचा. वह झोले में शराब बेच रहा था. तलाशी में ठेके से लाई गई शराब मिली. पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि उसे माल किस ठेकेदार से सप्लाई हुआ था. सूत्रों के अनुसार, शराब की तस्करी में खुद लाइसेंसी ठेकेदारों का हाथ है. ये एजेंटों के जरिए शराब सप्लाई करवाते हैं और पुलिस तक से मिलीभगत रखते हैं. फिलहाल आबकारी विभाग और पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर आगे की कड़ियां तलाश रही है.

## ट्रैक्टर ने मारी बाइक को टक्कर, मां-बेटी की मौत

इंदौर. देपालपुर क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से दो जनों की मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल हो गया. घटना आगरा-आकासौदा मार्ग पर हुई, ट्रैक्टर नम्बर एमपी 09 एसी 5289 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए जीवन सोलंकी की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी. हादसे में जीवन घायल हुआ, जबकि 50 वर्षयी उसकी मां शायरबाई और 10 साल की भतीजी वेदिका गंभीर रूप से घायल हो गईं, इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई. पुलिस ने चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की.

## घर में घुसकर जेवर चोरी

इंदौर. द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में अज्ञात बदमाश घर से जेवरात पार कर ले गया. 57 वर्षीय फरियादी सुनीता गुप्ता निवासी स्कीम नंबर 71 ने बताया कि बदमाश उनके कमरे में रखे सूटकेस से सोने की चैन-पेंडल, दो अंगूठियां और कान के टॉप्स चुरा ले गया. पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार

- क्राइम ब्रांच ने मंदसौर के बदमाश को सप्लाई करते रंगे हाथ पकड़ा



हारून रसीद गजनबी

नव भारत न्यूज

**इंदौर. क्राइम ब्रांच इंदौर पुलिस ने शहर में चल रही अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ विशेष कार्रवाई करते हुए मंदसौर निवासी फरार आरोपी हारून रशीद गजनबी को गिरफ्तार किया. आरोपी शहर में एमडी ड्रग्स की आपूर्ति में शामिल था.**

एडिशनल डीसीपी क्राईम राजेश दंडोतिया ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि सुपर कॉरिडोर, टिगरिया बादशाह रोड के बीच एक व्यक्ति एमडी ड्रग्स सप्लाई करने आने वाला है. पुलिस ने मुखबिर के बताए अनुसार घेरा बंदी कर 32 वर्षीय समीर शाह निवासी गली नंबर 6, चंदन नगर को गिरफ्तार किया. तलाशी में करीब 61 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई. पूछताछ में समीर शाह ने एमडी ड्रग्स की सप्लाई करने वाले हारून रशीद गजनबी का नाम लिया. इसके बाद क्राइम ब्रांच ने दो टीमों द्वारा आरोपी की तलाश शुरू की. मुखबिर और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर 50 वर्षीय हारून रशीद गजनबी निवासी नगरी गांव, दलोदा, मंदसौर को गिरफ्तार कर लिया. आरोपी ने पूछताछ में अपना जुर्म स्वीकार किया. गिरफ्तारी के बाद हारून रशीद गजनबी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लेकर उससे पूछताछ की जा रही है.

### 20 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद, तीन युवक पकड़े

इंदौर. बाणगंगा पुलिस ने देर रात कार्रवाई कर तीन युवकों को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया. सुपर कॉरिडोर सर्विस लेन, मेट्रो पिलर नंबर 231 और 232 के पास से 21 वर्षीय राम चौहान, 24 वर्षीय आनंद जाट और 20 वर्षीय आकाश चौधरी तीनों निवासी सर्वहारा नगर को पकड़ा. उनके कब्जे से प्लास्टिक पॉलिथीन में रखा ब्राउन शुगर जब्त हुआ, जिसका वजन 20 ग्राम और कीमत करीब दो लाख रुपए बताई जा रही है. आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उनसे पूछताछ की जा रही है. मामले में पुलिस दोपहर बाद बड़ा खुलासा कर सकती है.

# पत्नी से विवादों के बीच युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

- आजाद नगर में कंपनी कर्मचारी ने की आत्महत्या
- परिवार ने जताई ससुराल पक्ष पर शंका

**इंदौर. आजाद नगर क्षेत्र में सुबह एक कंपनी में काम करने वाले युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. युवक कमरे से बाहर नहीं आया तो मां जब देखने पहुंचीं, तब दरवाजे पर बाहर से ताला लगा मिला. दरवाजा खोलने पर अंदर उसका शव फंदे पर लटका मिला.**

राहुल पिता सूरजमल यादव निवासी मूसाखेड़ी ने अपने घर में यह कदम उठाया. सुबह राहुल काम पर जाने के लिए नहीं उठा था, परिजनों ने जब खोजबीन की तो यह दर्दनाक घटना सामने आई. बहन पायल ने पुलिस को बताया कि रात राहुल मां के साथ भाभी आरती के घर गए थे, देर रात तीनों वापस लौटे. पति-पत्नी के बीच आए दिन विवाद रहता था और राहुल बात करने से बचते थे. करीब चार साल पहले राहुल की शादी आरती से हुई थी. आरती अपने एक परिचित युवक रोहित के साथ चली गई थी, इस पर राहुल ने थाने में शिकायत भी की थी. बाद में वह घर लौटी, लेकिन कुछ समय मायके में ही रही. तीन दिन पहले ही वह बेटे को लेकर राहुल के पास वापस आई थी. परिजनों का कहना है कि विवादों के चलते राहुल मानसिक रूप से परेशान था. उन्होंने आशंका जताई है कि ससुराल पक्ष की दबावपूर्ण स्थिति के कारण ही उसने आत्महत्या का कदम उठाया, या फिर उनके द्वारा ही कुछ किया और बाहर से दरवाजा बंद कर दिया. पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, साथ ही परिजनों के आरोपों की जांच की जा रही है.

# भाजपा नेता के बेटे पर चली गोली, दोनों पक्षों पर केस

- प्रेम प्रसंग से जुड़ा मामला, एमवाय अस्पताल में भर्ती अर्जुन गिरफ्तारी अभी नहीं



नव भारत न्यूज

इंदौर. खजराना क्षेत्र में भाजपा नेता नारायण जोशी के बेटे अर्जुन पालीवाल पर शुक्रवार रात गोली चलाए जाने के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर अलग-अलग केस दर्ज किए हैं. प्रारंभिक जांच में विवाद की जड़ प्रेम प्रसंग सामने आया है. फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है.

एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि घटना में रेत कारोबारी सुनील पाटीदार के बेटे हिमांशु ने अर्जुन पर गोली चलाई थी, जो उसके दाहिने हाथ में लगी, घायल अर्जुन का एमवाय अस्पताल में इलाज जारी है. इस मामले में कारोबारी की बेटी शिवानी की शिकायत पर पुलिस ने अर्जुन के खिलाफ केस दर्ज किया है. वहीं अर्जुन की शिकायत पर हिमांशु के खिलाफ हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज किया है. पुलिस सूत्रों का कहना है कि अर्जुन का कारोबारी की बेटी से प्रेम प्रसंग था. इसी कारण वह उसके घर पहुंचा था, जहां विवाद बढ़ने पर गोली चल गई. पुलिस ने कहा कि दोनों पक्षों से पूछताछ जारी है और जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी.

एक नजर में | न्यायालयों में लंबित 87 प्रकरणों का हुआ सौहार्दपूर्ण निराकरण

# पक्षकारों के विश्वास का प्रतीक नेशनल लोक अदालत : जिला न्यायाधीश खान




इंदौर/देपालपुर, अजय श्रीवास्तव प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण, इंदौर के निर्देशन तथा तहसील विधिक सेवा समिति देपालपुर के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान के कुशल मार्गदर्शन में सिविल न्यायालय देपालपुर में नेशनल लोक अदालत संपन्न हुई.

लोक अदालत का शुभारंभ सिविल न्यायालय में पदस्थ न्यायाधीशगण रिज़वाना कौसर, सुमित्रा ताहेड़ एवं दिव्या श्रीवास्तव, अधिवक्ता संघ के सचिव पवन जोशी, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेन्द्र पटेल, एम.डी. बैरागी, प्रकाश धाकड़, चेतन हार्डिया, दिलीप डाबी, कृष्णा जाधव, चिंतामन बाथम, विक्रम गौड़, दुलेंद जैन, विपिन धाकड़, वीरेंद्र नागर, विपुल पटेल, नायब नाजिर दिलीप यादव सहित समस्त न्यायालयीन कर्मचारीगण तथा बैंक एवं नगर परिषद के अधिकारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कर किया गया. नेशनल लोक अदालत के शुभारंभ अवसर पर जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने स्वरचित गीत की शानदार प्रस्तुति से नेशनल लोक अदालत का महत्व बताते हुए उपस्थितजनों को आपसी राजीनामा के माध्यम से प्रकरणों के सौहार्दपूर्ण निराकरण हेतु प्रेरित किया. इस नेशनल लोक अदालत की चारों खंडपीठों में कुल 87 प्रकरणों का निराकरण हुआ और एक करोड़ 11 लाख 29 हजार 413 रुपए का अवार्ड पारित किए गए. इसके साथ ही बैंकों एवं नगर परिषद से संबंधित प्री-लिटिगेशन के 74 वसूली प्रकरणों में 22 लाख 84 हजार रुपए की राशि वसूल की गई.

### दो बिछड़े परिवार आपसी सहमति से हुए एक

परिवार परामर्श से जुड़े मामलों में, प्रशिक्षित मध्यस्थ न्यायाधीश रिज़वाना कौसर की समझाइश पर दो बिछड़े हुए परिवारों ने आपसी सहमति से फिर से साथ मिलकर जीवन यापन करने का वचन दिया. इस अवसर पर न्यायाधीशों एवं अधिवक्तागणों की उपस्थिति में इन परिवारों का फूलमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया और उन्हें खुशी-खुशी साथ रहने के लिए विदा किया गया.